<u>प्रादेशिक समाचार</u>
<u>दिनांक–16.04.2024 (सुबह 08:30 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

1. झामुमो की 21 अप्रैल को होने वाली न्याय उलगुलान रैली को लेकर आयोजन समिति गठित, भाजपा की राँची में रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी होंगे शामिल ।
2. नगर निकाय चुनाव को लेकर उच्च न्यायालय के आदेश पर ट्रिपल टेस्ट की प्रक्रिया शुरू, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने छह सदस्यीय टीम भेजा मध्य प्रदेश ।
3. रामनवमी को लेकर राज्यभर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम, रांची में आज निकलेगी अष्टमी की झांकी, रामनवमी कल।
4. केंद्र सरकार के कार्पोरेट अफेयर्स मंत्रालय ने जेएससीए और कंट्री क्रिकेट क्लब के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की शुरू की जांच।
5. मौसम विभाग ने झारखंड सहित 20 राज्यों में इस साल मॉनसून में सामान्य से ज्यादा बारिश की जतायी संभावना।

*******************

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली रांची में होगी। रांची लोकसभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी संजय सेठ ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के रांची में कार्यक्रम की मांग की थी। इसकी मंजूरी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने दे दी है। जानकारी के अनुसार जल्द ही रांची में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा होगी। हालांकि इसकी तिथि अभी तय नहीं की गयी है।

इधर 21 अप्रैल को झारखंड मुक्ति मोर्चा के न्याय उलगुलान महारैली को लेकर इंडिया गठबंधन के राजनीतिक दलों से समन्वय के के बाद आयोजन समिति का गठन किया गया है। झामुमो की ओर से 60 सदस्यीय सूची जारी की गयी है इसमें झामुमो के अलावा कांग्रेस, राजद और वामदल के नेता भी शामिल हैं।

*******************

झारखंड उच्च न्यायालय के आदेश के बाद राज्य में ट्रिपल टेस्ट की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। झारखंड में ट्रिपल टेस्ट नहीं होने की वजह से नगर निकायों का चुनाव लंबित है। राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने छह सदस्यीय टीम को अध्ययन के लिए मध्य प्रदेश भेजा है। मध्य प्रदेश में ट्रिपल टेस्ट के तहत नगर निकाय और पंचायत चुनाव हुए थे। आयोग की टीम यहां अध्ययन कर रिपोर्ट तैयार करेगी और राज्य सरकार को सौंपेगी। आयोग के अध्यक्ष योगेन्द्र प्रसाद ने बताया कि उच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार ट्रिपल टेस्ट की प्रक्रिया शुरू की गयी है जिसे जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा।

*******************

प्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी ने कहा कि एनडीए सरकार हमेशा से ही देश को हर क्षेत्र में विकसित बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। तमिलनाडु के तिरुनेलवेली में कल चुनाव अभियान के दौरान उन्होंने भाजपा सरकार द्वारा दी जाने वाली विभिन्न आश्वासनों का जिक्र किया।

*******************

जमीन घोटाला मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत अर्जी पर पीएमएलए की विशेष कोर्ट में आज सुनवाई की जाएगी। जमानत के लिए हेमंत सोरेन की ओर से कल अर्जी दाखिल की गयी थी। बड़गाईं अंचल के बरियातु स्थित आठ दशमलव आठ छह एकड़ जमीन मामले में प्रवर्तन निदेशालय मनी लाउंड्रिंग के तहत अनुसंधान कर रहा है। इस मामले में ईडी ने 31 जनवरी को हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया था।

*******************

प्रसिद्ध संगीतकार के. जी. जयन का आज सुबह कोच्चि के त्रिपुनिथुरा में निधन हो गया। वह 90 वर्ष के थे। अपने भक्ति गीतों के लिए जाने जाने वाले, जयन ने एक हजार से अधिक गीतों की रचना की और कुछ मलयालम और तमिल फिल्मों के संगीत निर्देशक रहे हैं। वह अपने जुड़वां भाई दिवंगत के.जी. विजयन के साथ दक्षिण भारतीय संगीत की दुनिया में जया–विजया भाइयों के नाम से जाने जाते थे।

*******************

गुमला जिले में लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारियां तेज हो गयी हैं।

*******************

रामनवमी को लेकर राजधानी रांची सहित राज्यभर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। रांची में पुलिस पदाधिकारियों सहित दो हजार से अधिक जवानों की तैनाती की गयी है। रांची में आज पूजा समिति और आखाड़ों द्वारा अष्टमी की झांकी निकाली जाएगी। इस वर्ष दो दर्जन से अधिक बड़ी झांकियां रांची में निकाली जाएगी। वहीं रामनवमी की शोभायात्रा रांची में कल निकलेगी। रांची में पहली बार वर्ष 1929 में रामनवमी की शोभायात्रा निकाली गयी थी।

*******************

रामनवमी को लेकर जामताड़ा जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है बाजारों में महावीर झंडा से बाजार पटा पड़ा है। वहीं कल समाहरणालय परिसर स्थित पंचायत रिसोर्स सेंटर सभा भवन में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिलेवासियों से रामनवमी एवं चैती दुर्गा पूजा के दौरान आपसी भाईचारे,,शांति एवं सोहार्दपूर्ण वातावरण में पर्वों को मनाने की अपील की गई।

*******************

गोड्डा जिले के ठाकुरगंगटी प्रखंड के मिश्रगंगटि पंचायत के चजोरा गांव में आग लगने से दो घर चलकर राख हो गए। इससे घर में रखा अनाज, कपड़ा एवं अन्य सामान सभी जल गए। दोनों घर के लोग मेहनत मजदूरी करके भरण पोषण करते थे। वहीं महागामा प्रखंड के जमायडीह पंचायत के करकटडीह गांव में बीती रात आग लगने से आदिवासियों के तीन घर जलकर राख हो गए। इसमें भी लाखों की संपत्ति जल गई ।

*******************

देवघर जिले के मधुपुर थाना क्षेत्र के पनाहकोला के समीप एक वाहन से कुचलकर बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गयी। वहीं बाइक चलाकर जा रहा उसका पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

*******************

शतरंज में भारत के डी गुकेश कनाडा के टोरेंटो में फिडे कैंडिडेट्स 2024 के दसवें दौर में इयान नेपोमनियाची के साथ मैच बराबर करके शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं। इस बीच विदित गुजराती भी अपने साथी खिलाड़ी आर प्रज्ञानानंद के खिलाफ मैच बराबर करने में सफल रहे।

*******************

केंद्र सरकार के कार्पोरेट अफेयर्स मंत्रालय ने झारखंड राज्य क्रिकेट संघ–जेएससीए और कंट्री क्रिकेट क्लब–सीसीसी के खिलाफ भ्रष्टाचारों के आरोपों की जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में जेएससीए के पूर्व अध्यक्ष अमिताभ चौधरी की पत्नी निर्मला कौर की शिकायत पर कार्पोरेट अफेयर्स मंत्रालय ने जांच करने का निर्देश दिया था। पूर्व अध्यक्ष अमिताभ चौधरी के निधन के बाद उनके परिवार ने जेएससीए पर भ्रष्टाचार, धन के कूप्रबंधन और चुनाव में धोखाधड़ी का आरोप लगाया है।

*******************

भारत मौसम विभाग ने इस वर्ष देशभर में मॉनसून में सामान्य से ज्यादा बारिश का पूर्वानुमान किया है। झारखंड सहित 20 राज्यों में अच्छी बारिश की संभावना व्यक्त की गयी है। मौसम विभाग के अनुसार इस साल चार माह के दौरान एक सौ छह प्रतिशत बारिश हो सकती है। यह फसलों के लिए अच्छा संकेत है। झारखंड में दो साल बाद इस बार सामान्य बारिश होने का अनुमान है। पिछले दो साल से झारखंड के लोग सूखा झेल रहे हैं। कई जिलों में बहुत ही कम बारिश हो रही थी।

*******************

अखबारों की सुर्खियों से

राजधानी रांची से प्रकाशित लगभग सभी अखबारों ने इस साल मॉनसून में सामान्य से ज्यादा बारिश होगी, इस खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।

प्रभात खबर ने लिखा है– झारखंड बिहार सहित 20 राज्यों में बारिश के अच्छे आसार।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– भू–जलस्तर में गिरावट को लेकर जीयोलोजिक्ल सर्वे ऑफ इंडिया ने हाईकोर्ट को सौंपी रिपोर्ट, कोर्ट ने जतायी चिंता।

दैनिक जागरण लिखता है– प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा–वोट बैंक के लिए कांग्रेस ने ठुकराया प्राण–प्रतिष्ठा का आमंत्रण।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– जमीन घोटाले में हेमंत सोरेन ने दाखिल की जमानत अर्जी, सुनवाई आज।

रांची एक्सप्रेस ने लिखा है– उत्तर भारत में फिर बदलेगा मौसम, वहीं अंग्रेजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स और टाइम्स ऑफ इंडिया ने भी मौसम विभाग की ओर से जारी इस वर्ष मॉनसून के पूर्वानुमान की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

और राष्ट्रीय नवीन मेल लिखता है– महागठबंधन के अंदर डिसीजन मेकर के रूप में जानी जा रही है कल्पना।

**************